# 3 साल में बदलेगी मुंबई की तस्वीर

## सीएम ने किया मेट्रो-3 के टनल के पहले चरण के काम का अनावरण

कार्यालय संवाददाता

**मुंबई.** शहर में मेट्रो का जाल बिछाने का वादा करने वाले मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को देश की पहली अंडर ग्राउंड मेट्रो-3 कुलाबा-बांद्रा-सिप्झ के 33.5 किमी लंबे टनल के पहले चरण का अनावरण किया. यह छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के टर्मिनल दो के पास है. इस अवसर पर सीएम ने कहा कि कोस्टल रोड, सी लिंक, मेट्रो आदि परियोजनाओं के पूरा होने से अगले 3 वर्षों में मुंबई की तस्वीर बदल जाएगी: मुंबई देश ही नहीं विश्व के चुनिंदा आधुनिक शहर में शुमार होगा. मुंबई मेट्रो- 3 पैकेज-7 में 1.26 किमी लंबे टनल का काम सोमवार को पूर्ण हुआ, जिसका उद्घाटन सीएम की उपस्थिति में हुआ.

### सीएम ने कहा, मेट्रो मुंबई के लिए वरदान

सीएम ने कहा कि मुंबईवासियों के लिए ऐतिहासिक दिन है. मुंबई में यातायात की समस्या से निजात पाने के लिए राज्य सरकार की ओर से मेट्रो का जाल बिछाया जा रहा है. इसमें से मेट्रो-3 के महत्वपूर्ण मार्ग के पहले टनल के काम के उद्घाटन समारोह का गवाह होना मेरे लिए गर्व की बात है. यह एक शानदार शुरुआत है.

मेट्रो मुंबई के लिए वरदान साबित होगी. अंडर ग्राउंड मेट्रो को एलिवेटेड मेट्रो से जोड़े जाने के बाद यातायात का इंटिग्रेशन होकर नागरिकों के लिए बड़ी सुविधा उपलब्ध होगी. सीएम ने कहा कि मुंबई को शंघाई बनाने की चर्चा हो रही है, लेकिन हम मुंबई को आधुनिक शहर के रूप में खड़ा करेंगे.

### मेट्रो-3 पहले चरण की विशेषताएं

- बोरिंग मशीन से टनल का काम
- 259 दिनों में 1.26 किमी टनल का काम
- प्रतिदिन 4.6 मी. गति से टनल का काम
- 250 इंजीनियर, विशेषज्ञ ने किया काम
- मेट्रो-3 का पैकेज 7, मेट्रो-1 , मेट्रो-6 को जोड़ेगा
- कुल 9 किमी. टनल का काम पूर्ण
- पैकेज 7 में टनल का यह चरण 7.07 किमी लंबा